हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

होटल के कमरे में युवती की मिली लाश युवक की तलाश में जुटी पुलिस
2



## खबर संक्षेप

### मालखरौदा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 को

**मालखरौदा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मालखरौदा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 दिसंबर को रखा गया है। कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। जिसमें व्यवसाय - फिटर, विद्युतकार, वेल्डर एवं कोपा के सत्र - 2022 से 2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी इस प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज] आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज फोटोकार्यक्रम स्थल पर साथ लाने कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण प्रभारी व समन्वयक से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

### अमीन भर्ती परीक्षा आज 9436 होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 7 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा में जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों में 9436 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

### ट्रेनिंग पार्टनर के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति 19 दिसम्बर सायं 5.30 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियाजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेबसाइट अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र सोमवार 14 दिसम्बर से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

### बिर्रा में स्वास्थ्य परामर्श चिकित्सा शिविर 14 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है।

थाने तक पहुंचा मामला, सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

# मल्टीप्लेक्स में लड़कियों का दंगल, जमकर चले लात-घूंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा के मुकुंद मल्टीप्लेक्स में लड़कियों के बीच जमकर दंगल हुआ। चार युवतियां आपस में ही भिड़ गई। वाद विवाद के बाद मारपीट भी शुरू हो गई। दो युवतियों ने अन्य दो युवतियों की लात और घूंसे से जमकर पिटाई की। मामला चांपा थाने तक पहुंचा। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इधर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

मल्टीप्लेक्स में लोग फिल्म देखने जाते है और बड़े पर्दे पर कलाकारों का एक्शन देखते है। इधर चांपा स्थित मुकुंद मल्टीप्लेक्स में लोगों ने शुक्रवार की शाम 4 लड़कियों का लाइव एक्शन देखा। मल्टीप्लेक्स के टिकट काउंटर के ठीक सामने लडकियां आपस में भिड़ गई। चारों लड़कियों के बीच पहले जमकर विवाद हुआ। इसके बाद दो लड़कियों ने दो अन्य लड़िकयों की लात और घूंसे से पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि चारों युवतियां मुकुंद मल्टीप्लेक्स की कर्मचारी है। पुराने विवाद को झगड़े का कारण बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद की शुरुआत हल्की बहस से हुई थी, लेकिन कुछ ही समय में बात हाथापाई के बाद मारपीट तक पहुंच गई। मौके पर मौजूद लोग बीच बचाव करने की बजाए घटना की मोबाइल से रिकार्डिग करने लगे। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दो युवतियां टिकट काउंटर के सामने दो अन्य युवतियों पर लात और घूंसे चलाते दिख रही है। वहीं बाल पकड़कर खीचती हुई नजर आ रही है। हालांकि इस हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया है। पीड़ित दो युवतियों ने शनिवार को चांपा थाने में मारपीट करने वाली दो युवतियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चांपा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



मल्टीप्लेक्स के टिकट काउंटर के सामने युवतियों के बीच हुई मारपीट।

### सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

मुकुंद मल्टीप्लेक्स में हुई इस घटना के दौरान आसपास खड़े कई लोग लड़ाई को रोकने के बजाय मोबाइल निकाल कर रिकॉर्डिंग करते नजर आए। टिकट काउंटर के सामने पहले विवाद हुआ, उसके बाद जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कोई भी सुरक्षाकर्मी बचाव करने नहीं पहुंचा बल्कि वहां मौजूद लोग इस घटना का आनंद लेते रहे। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पब्लिक प्लेस और मल्टीप्लेक्स जैसे जगहों में इस तरह की घटना ने प्रशासन और शहरवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।चांपा शहर में प्रतिष्ठित मल्टीप्लेक्स में हुई इस घटना को लेकर पूरे शहर में चर्चा तेज है। लोग जहां सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी घटना को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### दर्ज हुआ मामला

मल्टीप्लेक्स के सामने ही चार युवतियों के बीच झगड़ा हुआ। सभी मल्टीप्लेक्स के कर्मचारी है। दो युवतियों ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट करने वाली दो युवतियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

-जे.पी. गुप्ता
थाना प्रभारी, चांपा

# आरा मिल में लगी आग, तीन दकमल की मदद से चार घंटे बाद मिला काबू

## आगजनी से लाखों का नुकसान, जांच में जुटी बलौदा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा के आरामिल में आग लग गई। तीन फायर बिग्रेड की मदद से 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी का कारण अज्ञात है। आगजनी से लाखों का नुकसान हुआ है। बलौदा पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बलौदा में आरा मिल में शनिवार को आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे आरा मिल में फैल गई। आग ने आरामिल में रखी लकड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। भीषण आग की लपटों से मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने अपने स्तर पर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। इधर पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। कुछ देर बाद एक कर तीन दमकल मौके पर पहुंची। आग की तेज लपटों के कारण 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 3 दमकल की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आगजनी से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। आग से आरामिल में रखी लकडियां जलकर खाक हो गई है। वहीं मशीन भी जल चुकी है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि आरामिल में इससे पहले भी आग लग चुकी है। बलौदा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



आग की लपटों से जलती लकडी व मशीन।

# पांच स्थानों से 131 क्विंटल अवैध धान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 5 स्थानों से 131 क्विंटल अवैध धान जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

राजस्व एवं मंडी विभाग की टीम ने अकलतरा एवं पामगढ़ तहसील के विभिन्न ग्रामों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध धान जप्त किया। अकलतरा क्षेत्रांतर्गत कार्रवाई ग्राम कल्याणपुर में ब्रजेश निर्मलकर के पास से 14 क्विंटल, दिनेश निर्मलकर से 41.20 क्विंटल,पामगढ़ तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम रसौटा में लीलाराम रत्नाकर से 34 क्विंटल, ग्राम भुईगांव में राधेश्याम अग्रवाल से 24.80 क्विंटल, ग्राम भिलोनी में गोकुल पटेल से 17.60 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है । सभी मामलों में मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी रखने हेतु अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके लिए राजस्व, मंडी व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है।



# घिवरा केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ



केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ के अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित घिवरा में किसान के धान बेचने के दो दिन बाद तामझाम के साथ नेताओं की मौजूदगी में फिर से धान खरीदी का शुभारंभ कराया गया।

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित घिवरा में 3 दिसम्बर को ग्राम घिवरा के किसान नारायण साहू के 80 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके साथ ही केन्द्र में धान खरीदी की बोहनी हो गई। इसके बाद 5 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और निर्वाचित पदाधिकारी की मौजूदगी में समारोहपूर्वक धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। खरीदी केन्द्र घिवरा में फीता काटकर दोबारा खरीदी का शुभारंभ कराया गया। जबकि दो दिन पहले ही किसान से धान की खरीदी का शुभारंभ हो गया था। बताया जा रहा है कि किसान ने तीन दिसंबर के लिए पूर्व में ही टोकन कटवा लिया था। इसके लिए उस दिन नेताओं की मौजूदगी में शुभारंभ समारोह नहीं हो सका। ऐसे में स्थानीय नेताओं को साधने की मंशा से 5 दिसंबर को समारोह आयोजित कर तामझाम के साथ दोबारा धान खरीदी का शुभारंभ कराया गया।

### कर रहे धान खरीदी

किसान 3 तारीख के लिए टोकन पहले से काट लिया था। अतिथियों और नेताओं ने 5 तारीख का समय दिए थे। इसलिए दो दिन बाद 5 तारीख को अतिथियों से फीता कटवाकर शुभारंभ कराया गया है।

-जगदीश प्रसाद कश्यप
संस्था प्रबंधक एवं खरीदी केन्द्र प्रभारी
घिवरा

# ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती जिला का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बगबुडवा निवासी प्रार्थी संतोष कुमार साहू पिता स्व. सतराम साहू उम्र 35 वर्ष ने 5 दिसंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रेक्टर के ट्राली किमती 2 लाख रूपये को रात्रि कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। मुखबीर से मिली सूचना पर एक व्यक्ति राताखार कोरबा में एक चोरी के ट्रेक्टर ट्राली को बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। सूचना तस्दीक हेतु राताखार कोरबा में रात में ही दबिश देकर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसे कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह तथा उसके चार अन्य दोस्त मिलकर ग्राम बगबुडवा से ट्रेक्टर ट्राली को अपने स्वयं के सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन क्रमांक सीजी 12 बी क्यू 8464 में चोरी कर राताखार ले आये थे आरोपी ओम पाण्डेय के निशानदेही पर चोरी गये ट्रेक्टर के ट्राली तथा चोरी में प्रयुक्त सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन को जप्त कर कार्यवाही की। जहां आरोपी ओम पाण्डेय पिता मनोज कुमार पाण्डेय उम्र 20 साल साकिन राताखार कोरबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल, के नेतृत्व में उप निरीक्षक भूपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, आरक्षक जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# लकड़ी से भरे ट्रैक्टर सहित पकड़े गए तीन आरोपी

**जांजगीर-चांपा।** तहसील मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम सारसडोल में शासकीय भूमि पर लगे कौहा वृक्ष की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते तीन युवक लकड़ी सहित रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने मौके से कौहा लकड़ी लोड एक ट्रैक्टर को पकड़ा। वहीं आरोपी पिंटू साहू, सुरेन्द्र सिदार और जगन्नाथ साहू को पकड़ा है। तीनों आरोपी ग्राम नंदेली, थाना जैजैपुर जिला सक्ती के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर, लकड़ी एवं आरोपियों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। थाना अधिकारियों ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद पूरा मामला वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग की टीम ने लकड़ी व वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
### सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी स्कूल में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडब्ल्यूडी स्कूल में गुरुवार की रात अज्ञात चोर ने धावा बोलकर स्कूल में रखे कई कीमती सामानों की चोरी कर ली चोर जब चोरी कर रहा था उसकी सारी हरकत स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया घटना की सूचना स्कूल प्रबंधन द्वारा सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### साहिल का वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन

**हरदीबाजार।** वॉलीबॉल खेल के लिए प्रदेश से अलग-अलग जिलों से 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें ग्राम भलपहरी निवासी विजय राठौर के पुत्र साहिल राठौर का ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की ओर से अंतर राज्य स्तरीय जिला कांकेर में 6 नवंबर को बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। साहिल का चयन ईस्ट जोन अंतर्गत विश्वविद्यालय अटल बिहारी महाविद्यालय में हुआ है जो की बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मुजफ़्फ़रपुर बिहार में 10 दिसंबर को बॉलीबॉल प्रतियोगिता खेला जाएगा।

### उल्लास महापरीक्षा में अधिकतम सहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक बंधुओं से अपील की है कि वे प्रौढ़ साक्षरता अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था शिक्षा के समाजीकरण की उत्कृष्ट व्यवस्था है। सभ्य समाज की कल्पना तभी संभव है, जब समाज का हर नागरिक शिक्षित हो। किसी भी देश या समाज का समग्र विकास तभी हो सकता है, जब उसकी जनता शिक्षा के महत्व को भली भांति समझे।

### पीएम श्री सेजेस बालको में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस पर कार्यक्रम

**कोरबा।** पीएम श्री सेजेस बालको नगर में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य मनोकामनाता पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों में घनश्याम श्रीवास, निहारिका शुक्ला और मनोज वैष्णव शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर घनश्याम श्रीवास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या, भूमि दोहन, रसायनों के अत्यधिक उपयोग और मृदा क्षरण के बढ़ते खतरे पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि वर्तमान पीढ़ी मृदा के संरक्षण पर ध्यान नहीं देती तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। प्राचार्य मनोकामनाता पाल ने कहा कि मृदा एक प्राकृतिक धरोहर है, जिसके निर्माण में हजारों वर्ष लग जाते हैं। हम मिट्टी से पैदा होते हैं और अंततः मिट्टी में ही समा जाते हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, साथ ही लगातार कई फसलें लेने से भी भूमि की उर्वरता घट रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से मृदा संरक्षण को अपनाने और टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**कोरबा।** बालकोनगर के परसाभाठा वार्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को समापन हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचिका देवी तन्नु पाठक ने लगातार 7 दिनों तक कथा का वाचन किया। संगीतमय प्रस्तुति के बीच श्रीकृष्ण लीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह, गोपी-उद्धव संवाद, सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों की झांकियां सजीव रूप में दिखाया गया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे जो कथा का आनंद लेने के साथ ही ऐसी झांकियों से आकर्षित होने के साथ ही भावविभोर हुए। पंडित दिपक पाठक व पंडित देवेन्द्र मिश्रा द्वारा गाए भजन और संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ हुए आयोजन ने नगर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। कथास्थल पर श्रद्धालु झूमते रहें।

## पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से पहुंचे थे होटल चंदेला

# होटल के कमरे में युवती की मिली लाश युवक की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक होटल में शुक्रवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब होटल के कमरे में एक युवती की संदिग्ध अवस्था में लाश पड़ी मिली। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरु कर दी है। युवती जिस युवक के साथ होटल के कमरे में रुकी थी वह युवक फरार बताया जा रहा है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक और युवती अपने दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने आने की बात कहकर होटल में रुके हुए थे।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा के अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाडीह कापन निवासी संध्या कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता कौशल दास व ग्राम बोड़सरा निवासी राकेश मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष पिता प्रकाश दास मानिकपुरी गुरुवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल चंदेला पहुंचे थे दोनों ने होटल प्रबंधन को यह जानकारी दी कि वे आपस में दोस्त हैं और अपने एक दोस्त के शादी समारोह में शामिल होने आए हुए हैं। होटल प्रबंधन ने उन्हें होटल में कमरा नंबर 207 दिया था। शुक्रवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे दोनों होटल से चेक आउट करना था लेकिन चेक आउट नहीं करने पर जब होटल का कर्मचारी कमरा नंबर 207 में गया तो उसने देखा की संध्या अचेत अवस्था में पड़ी हुई है जिसे देखकर उसके होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना होटल प्रबंधन व कोतवाली पुलिस को दी। युवती की लाश मिलने की सूचना पाते ही पुलिस के अधिकारी व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि होटल की कमरे में रुका हुआ राकेश मानिकपुरी वहां से गायब है। फिर क्या था पुलिस ने मामले की और बारीकी से जांच शुरू की और युवती के परिजनों को इसकी सूचना दी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर युवती के शव को मेडिकल अस्पताल के मरच्युरी में सुरक्षार्थ रखवाया है। युवती के परिजन देर शाम कोरबा पहुंच गये हैं विलंब होने की वजह से पीएम की कार्यवाही नहीं हो पायी है। आज परिजनों की उपस्थिति युवती का पीएम कराया जाएगा।


वह होटल जहां मिली युवती की लाश।


होटल के कमरे की जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक की टीम।

### युवती के परिजनों को नहीं थी जानकारी

जानकारी के अनुसार मृतिका संध्या कुमारी अपने सहेली के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी और युवक राकेश ने भी कोरबा आने की जानकारी अपने परिजन को नहीं दी थी। दोनों झूठी जानकारी देकर होटल में रुके हुए थे। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं से लेकर जांच कर रही है। युवक और युवती एक दूसरे को कब से जानते थे इसकी भी तहकीकात की जा रही है।

### कमरे से मिली है उत्तेजक दवाई

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि युवती की लाश मिलने की सूचना पर जब पुलिस के अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी और कमरे की बारीकी से जांच की तो पुलिस को कमरे से उत्तेजक टैबलेट भी मिले हैं जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि युवती के मुंह से झाग निकल रहा था जिससे कई तरह की संभावनाएं जन्म ले रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने और राकेश मानिकपुरी के पकड़े के जाने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# शराबी पति से विवाद के बाद पत्नी ने जांता से पति पर किया हमला, मौत


जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

ग्राम तुमान गांव के तिलयारी मोहल्ला में गुरुवार देर रात एक शराबी पति से परेशान होकर पत्नी ने आवेश में आकर पत्थर (जांता) से मारकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की घटना सामने आते ही पुलिस की टीम ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर पत्नी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान में घटित हुई है। यहां निवासरत मनहरण यादव 40 वर्ष शराब पीकर अक्सर अपनी पत्नी से विवाद करता था। गुरुवार की रात भी मनहरण शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी कविता यादव (37 वर्ष) के साथ विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मनहरण ने अपनी पत्नी कविता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बीच-बचाव करते हुए कविता ने पास में रखे पत्थर के जांता से मनहरण के सिर और सीने पर वार कर दिया। वार गंभीर होने के कारण मनहरण यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरी रात कमरे में शव पड़ा रहा, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह होने पर परिजन और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दलबल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।


आरोपी पत्नी

### अजगर सांप का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**कोरबा।** रिस्दी क्षेत्र के खेत में एक अजगर सांप जाल में फंस गया था। जब किसान संजय कंवर खेत गया तो देखा कि एक विशालकाय अजगर जाल में फसा हुआ हैं जिसके बाद अजगर को छुड़ाने की कोशिश किया गया पर सफल नहीं हुआ। किसान ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को दिया गया। रेस्क्यू टीम ने अजगर सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा दिया। जितेंद्र सारथी ने बताया लोगों में सांपों को लेकर काफी जागरूकता आई हैं जिसके फलस्वरूप कही भी सांप दिखने पर रेस्क्यू टीम को सूचना देते हैं जिससे सांपों को बचाया जाता है।

# नोनबिर्रा में राखड़ से गड्ढे पाटने की मिली अनुमति और पाट रहे तालाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की गाइडलाइन से भी परे जाकर जिले में जलस्त्रोतों को दफन करने के कार्य हो रहे हैं। यहां नदी-तालाबों का संरक्षण तो दूर, जिंदा नदी-तालाबों को पाटना आम बात सी हो गई है। पुराने प्राचीन तालाबों से लेकर विभिन्न योजनाओं के तहत खोदे गए कई तालाब अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं,जबकि इन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता पर बार-बार जोर दिया जाता है। वर्तमान में यह मामला करतला जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में सामने आया है। यहां पूर्व में सितंबर 2025 में जारी एक पंचायत प्रस्ताव के अनुसार बैगा डोंगरी के बगल की जमीन खसरा नंबर 359/1 को ज्यादा ऊबड़-खाबड़ होना और गड्ढे होने से अनुपयोगी बताकर इसमें राख से पटाई करने और फिर मिट्टी फीलिंग करने का प्रस्ताव सरपंच यशोदा बाई की अध्यक्षता में पारित किया गया। सचिव-सरपंच सहित 17 पंचों की सहमति इसमें दी गई। इस प्रस्ताव के आधार पर उक्त ऊबड़-खाबड़ जमीन के समतलीकरण हेतु राखड़ भराव करने की आड़ में बड़े पैमाने पर राख जिंदा तालाब में भी समाहित की जा रही है। कुल मिलाकर तालाब का अस्तित्व खत्म करने की दिशा में कार्य हो रहा है और यह सब सरपंच-सचिव एवं पंचों की जानकारी में न हो, यह सम्भव नहीं।

### 5 लाख से कराया गया था गहरीकरण

जिस तालाब को गड्ढे की आड़ में राखड़ से पाटने का काम हो रहा है उसके लिए वर्ष 2018 में जनपद पंचायत विकास निधि से 5 लाख रुपये जारी किए गए थे। डोंगरी डबरी के नाम से इस तालाब की पहचान है। वर्ष 2018-19 में सरपंच-सचिव के प्रस्ताव अनुसार इस तालाब को गहरीकरण करने के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति तत्कालीन जनपद सीईओ के द्वारा जारी की गई थी। लाखों रुपए तालाब के निर्माण में खर्च करने के बाद उसके गहरीकरण में भी राशि खर्च की गई और अब लाखों के इसी तालाब को राखड़ से पाट कर उसका अस्तित्व मिटाया जा रहा है। सवाल है कि क्या इसके गुनहगारों पर कानून का शिकंजा कसेगा? जल स्रोतों को नष्ट करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

# रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट में 3 कंपनियां ही पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के शिक्षित बेरोजगारों के रोजगार के लिए रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप में महज 3 कंपनियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें श्रीमन टैलेंट, टाटा एआईए तथा ऑप्टीवल हेल्थ सॉल्यूशन जिनके द्वारा अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिए गए। कुल 120 अभ्यर्थियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इनमें से 51 लोगों का ही सलेक्शन हुआ है।

प्लेसमेंट कैंप को लेकर रोजगार कार्यालय के द्वारा पिछले एक पखवाड़े से प्रचार प्रसार किया जा रहा था ताकि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिल सके। शुक्रवार को जब रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप की शुरुआत हुई तो इसमें महज 3 कंपनियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन तीनों कंपनियों में 168 रिक्त पदों पर भर्तियां की जानी थी। जिसके लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कुल 120 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। इनमें प्राथमिक स्तर पर पहला चयन हुआ जिसमें 50 लोगों का चयन हुआ। उसके बाद अंतिम चयन प्रक्रिया के तहत 51 अभ्यर्थी चयनित हुए। रोजगार अधिकारी दीपेश भारती ने बताया कि फाइनल सलेक्शन वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ सकती है। इसके लिए कंपनियों के द्वारा आगे भी जानकारी दी जाएगी। कंपनियों के द्वारा जिन लोगों का चयन किया गया है उनका साक्षात्कार कंपनियों के द्वारा ही किया जा रहा है।



### सघन कुष्ठ खोज अभियान 8 दिसंबर से

**कोरबा।** स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, सघन कुष्ठ खोज अभियान के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों, बी.पी.ऍम.,मितानिन समन्वयक के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 5 दिसंबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा में आयोजित किया गया। 8 से 31 दिसंबर तक राज्य के सभी जिलों के विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाना है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सी के सिंह के द्वारा अभियान का मुख्य उद्देश्य बताया गया ।

### सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बालको का वार्षिक उत्सव 2 दिसंबर को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ संजय उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालको हॉस्पिटल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय प्रबंधन स्टाफ एवं प्राचार्या प्रियंका सेठिया, सचिव राहुल सेठिया द्वारा मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट रहे छात्र एवं छात्राओं को मोमेंटम प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ततपश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नंदिनी यादव एवं नीतू सिंह ठाकुर द्वारा एवं आभार गरिमा दलेला ने किया।

**समक्ष : नोटरी सिविल सक्ती जिला सक्ती-छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं आशु मित्तल उम्र 46 वर्ष पिता गोपी राम मित्तल निवासी हरी ओम कालोनी वार्ड नं. 17 स्टेशन रोड़ सक्ति, पो.आ. सक्ति, तहसील सक्ति जिला सक्ति छ.ग. का स्थायी निवासी हूं जो कि निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि- 01. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। 02 यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम तनिष्का मित्तल (TANISHKA MITTAL) है जो कि जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। 03. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश अमिता मित्तल दर्ज हो गया है। 04 यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम अमिता मित्तल के स्थान पर तनिष्का मित्तल (TANISHKA MITTAL) दर्ज कराना चाहता हूं। 05. यह कि उक्त बातों के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**शपथकर्ता - आशु मित्तल**

**सत्यापन**

मैं आशु मित्तल उम्र 46 वर्ष पिता गोपी राम मित्तल निवासी हरी ओम कालोनी वार्ड नं. 17 स्टेशन रोड सक्ति, पो.आ. सक्ति तहसील सक्ति जिला सक्ती, छ.ग. का स्थायी निवासी हं जो कि सत्यापित करता है कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में वर्णित सभी कथन मेरी जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है जिसे आज दिनांक 2/12/2025 को स्थान सक्ती में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**पहचानकर्ता**
मनोज कुमार
लक्ष्मण सिदार सक्ती

**शपथकर्ता- आशु मित्तल**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि अभिलाष तिवारी उम्र 34 साल पिता अरूण कुमार तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नं 23 जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का मूल निवासी हैं, जिनके पुत्र के आधार कार्ड नंबर 3072 7523 9133 में नाम सौम्यांश तिवारी (Saumyans Tiwari) लिखा हुआ हैं, जो कि गलत है। वास्तविक नाम सात्विक तिवारी (SATVIK TIWARI) हैं, जो कि सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं बैंक पासबुक से लेकर आधार कार्ड व सभी कागजातो एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में सात्विक तिवारी (SATVIK TIWARI) लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक .................... को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।

स्थान जांजगीर
दिनांक :

**भवदीय**
**अभिलाष तिवारी**
**मोबाईल नं. 9907431797**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/तह./ज.मृ./2025
नवागढ़ दिनांक 17/11/2025
ग्राम दर्री

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जीवनलाल पिता नांगदेव जाति सूर्यवंशी साकिन दर्री तहसील नवागढ़ व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 03 ग्राम दर्री में अपने पुत्री नाम अवतिका के जन्म दिनांक 22/07/2001 को होने से, जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था की दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम द्वारा न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 03/12/2025 पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुदा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**नवागढ**

**ईश्तहार**

मैं अधिवक्ता पुष्पा देवी महंत अपने आसामी किशोर कुमार पिता निरंजन कश्यप जाति कुर्मी निवासी ग्राम बुड़ेना थाना व तहसील नवागढ़ जिला-जांजगीर-चाम्पा छ.ग. वाले कि ओर से अधिकृत होकर यह ईश्तहार प्रकाशन करवा रही हूं कि मेरे आसामी किशोर कुमार पिता निरंजन कश्यप के पुत्र ज्ञानेश्वर कश्यप के शैक्षणिक दस्तावेज / अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में नाम ज्ञानेश्वर कश्यप पिता किशोर कुमार दर्ज है जो कि सत्य सही है परन्तु त्रुटिवश उनके आधार कार्ड क्र. 9011 6178 368 में नाम ज्ञानेश्वर कश्यप Ganeshwar Kashyap दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्वक दर्ज किया गया है मेरे आसामी के पुत्र का सही व वास्तविक नाम ज्ञानेश्वर कश्यप अंग्रेजी अक्षर में Gyaneshwar Kashyap पिता किशोर कुमार कश्यप दर्ज किया जाना है मेरे आसामी के पुत्र के आधार कार्ड में G के बाद Y दर्ज करने के समर्थन में यह ईश्तहार प्रकाशन कराया गया है। जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय अधिवक्ता पुष्पा देवी महंत व्यवहार न्यायालय नवागढ़ में आकर दावा/आपत्ति कर सकते है।

स्थानः नवागढ़
दिनांक 03/12/2025

**भवदीय**
**पुष्पा देवी महंत**
**नोटरी अधिवक्ता**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इनफेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
**यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)**
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**नेत्र रोग विभाग**
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**दन्त रोग विभाग**
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग**
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग**
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
**जनरल सर्जरी विभाग**
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।



# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

## शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



## धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

## सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल 'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नज़रअंदाज़ करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### छग सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन संकुल इकाई बिर्रा का गठन



**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार संकुल केन्द्र बिर्रा इकाई का नये कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें संकुल संयोजक तीजूराम साहू, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती मीनक्षी कश्यप अध्यक्ष, श्रीमती प्रियंका मनहर उपाध्यक्ष, श्रीमती निहारिका साहू सचिव और पुरुष वर्ग में गोवर्धन चंद्रा अध्यक्ष, तुलेश्वर देवांगन उपाध्यक्ष, सीलाराम संवरा सचिव, नोहर राम साहू प्रवक्ता, सीताराम जायसवाल कोषाध्यक्ष , कन्हैया देवांगन, ललित सिदार विशेष आमंत्रित सदस्य और पदाधिकारी को सर्वसम्मति से बनाया गया है। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय संगठन मंत्री छबि कुमार पटेल, लखनलाल कश्यप शैक्षिक समन्वयक, संतराम कश्यप प्रधान पाठक ,मथुरा मधुकर, श्रीमती- मीनाक्षी कश्यप, निहारिका साहू , सरिता चौहान, बीना डड़सेना जी, हेमंत कौशले, पंचराम कश्यप, एकादशिया खूंटे, सीलाराम संवरा, नोहर राम साहू, सीताराम जायसवाल, ललित सिदार, प्रमोद कश्यप के अलावा शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

### साहू समाज की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, भक्तुराम बने अध्यक्ष

**मुलमुला।** साहू समाज के क्षेत्रीय बैठक ग्राम मुलमुला में 1 दिसंबर को संपन्न हुआ। बैठक में



सर्वसम्मति से मूलमुला समाज द्वारा अध्यक्ष हेतु भक्तु राम साहू, उपाध्यक्ष के लिए शिव प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष महिला शांत साहू, संगठन सचिव नारायण साहू, संगठन सचिव महिला रामदुलारी साहू, सचिव कमल साहू, कोषाध्यक्ष दुर्गेश साहू एवं विशेष सहयोगी बाबूलाल साहू, समारु साहू का चयन किया गया। इस दौरान ग्राम के सभी सामाजिक साहू समाज के वरिष्ठ व युवा उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के निवास शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पूर्व विधायक



**नवागढ़।** सड़क दुर्घटना में मृतक परिवार के सदस्यों के यहां शोक संवेदना ब्यक्त करने जांजगीर-चांपा विधानसभा के पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन नवागढ़ पहुंचे, जहां सैनिक राजेन्द्र कश्यप, पोलेश्र्वर जलतारे, भूपेन्द्र साहू, कमलनयन साहू, विश्वनाथ देवांगन के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना ब्यक्त करते हुये कहा कि नवागढ़ के साथ-साथ परिजनों के लिये अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में हम साथ हैं। शासन के नियमानुसार जो भी क्षतिपूर्ति का प्रावधान है उसको दिलाने के लिये हर संभव प्रयास करुंगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला कांग्रेस महामंत्री गोविंद केसरवानी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर केसरवानी, संतोष साहू, रामनिवास पाण्डेय, बसंत पवांर, तेरस साहू पार्षद वाजिद खान,पवन देवांगन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घुमंतू जाति उत्थान न्यास के जिला संयोजक बने शिवनाथ

**सक्ती।** संघ कार्यालय बिलासपुर में 3 दिसंबर को हुए एक दिवसीय कार्यशाला एवं बैठक में संघ की



ओर से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दुर्गा दास अखिल भारतीय घुमंतू कार्य प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक मंजीत सिंह पवार की उपस्थित में शिवनाथ बरेठ को जिला सक्ती से घुमंतू जाति उत्थान न्यास का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। जिला संयोजक की जिम्मेदारी ग्रहण करने पर सर्व प्रथम शिवनाथ बरेठ ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का आभार ब्यक्त कर उनका आशीर्वाद लिया। शिवनाथ बरेठ के घुमंतू जाति उत्थान न्यास जिला सक्ती संयोजक बनने पर ग्राम सुलौनी सहित आस पास के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### ग्राम ढीमानी में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत ढीमानी में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कवि वर्मा जनपद अध्यक्ष, प्रमोद गबेल कोषा अध्यक्ष जिला भाजपा, मंडल अध्यक्ष अडभार, सरपंच ढीमानी, महामंत्री मंडल अडभार, सचिव ढीमानी गेंद लाल सम्मत दास रोशन गबेल ढीमानी उप सरपंच एवं संस्था प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी उपस्थित थे।

धान खरीदी व्यवस्था पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं बैठक में तकनीकी समस्याओं का किया गया तत्काल निराकरण

# समितियों की होगी ग्रेडिंग, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में शनिवार 6 दिसंबर को ऑडिटोरियम में व्यापक प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड, मंडी, समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी, ऑपरेटर एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने स्पष्ट किया कि खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पंजीयन, सत्यापन, तौल, भंडारण, परिवहन और भुगतान की कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीदी से लेकर उठाव तक की सभी गतिविधियों पर निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो सके। प्रशिक्षण में विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया गेट पास ऐप से फोटो एंट्री, स्टॉक एंट्री एवं किस्मवार स्टैकिंग, यूएफआर प्रगति, पीसी-एसएपी डेटा प्रविष्टि, रकबा समर्पण, सतर्क एप एवं धान खरीदी से संबंधित अन्य प्रक्रियाएँ।प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न केंद्रों से प्राप्त समस्याओं और कठिनाइयों का तत्काल निराकरण भी किया गया।

## कोचियों-बिचौलियों पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई



प्रशिक्षण में उपस्थित समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी व ऑपरेटरों को निर्देश देते कलेक्टर।

### गड़बड़ी रोकने के लिए कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

कलेक्टर ने टीमों को निर्देशित किया कि रकबा समर्पण अभियान प्रभावी रूप से चलाया जाए, जिससे खरीदी में गड़बड़ी की संभावना काफी कम हो जाती है। मंडी और राजस्व टीम को अवैध धान संग्रहण तथा परिवहन पर लगातार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक खरीदी केंद्र में गेट पास में शत-प्रतिशत एंट्री अनिवार्य रूप से की जाए। सतर्क ऐप तथा प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो। नोडल अधिकारी संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि किसानों को खरीदी में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो तथा पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रहे।

### मिशन मोड में पूर्ण करें यूएफआर पंजीयन

कलेक्टर श्री महोबे ने निर्देश दिए कि यूएफआर में छूटे किसानों का खसरा जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि किसानों को धान बेचने में कोई समस्या न आए। यूएफआर पंजीयन के लिए किसानों को बी-1, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना होगा। उन्होंने कहा कि शेष यूएफआर पंजीयन को मिशन मोड में पूर्ण किया जाए।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि जिले में बेहतर कार्य करने वाली समितियों की ग्रेडिंग की जाएगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समितियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानो के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सहित इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर, बिजली आपूर्ति आदि सुचारू रूप से उपलब्ध रहें। कलेक्टर ने कहा खरीदी में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने दोहराया कि जिले के सभी खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान हमारी प्राथमिकता हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यही हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, एसडीएम, खाद्य अधिकारी कौशल साहू सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।



थाना रोड में तीन लड़कियों को स्कूटी में बैठाकर जाती हुई बालिका।

# नियमों की अनदेखी कर नाबालिग भर रहे फर्राटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नाबालिग छात्र-छात्राओं के द्वारा बिना किसी हेलमेट एवं अन्य आवश्यक नियमों का पालन किए बिना ही दो पहिया वाहनों पर फर्राटे भर जा रहे हैं।

- नगर में यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां

आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट नहीं पहने सहित अन्य यातायात के नियमों का पालन नहीं किए जाने के चलते दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल अथवा मौत का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद ना तो पुलिस विभाग के द्वारा कार्रवाई की जा रही है और ना ही अभिभावक अपने बच्चों पर गैर कानूनी रूप से दो पहिया चलाने पर लगाम लगा रहे हैं। शनिवार 6 दिसंबर को दोपहर थाना रोड में एक बालिका अपने पीछे तीन अन्य लड़कियों को बैठाकर स्कूटी चलिते हुए नजर आई। इसमें ना तो स्कूटी चलाने वाली युवती ने हेलमेट पहना था और न हीं पीछे तीनों बैठने वाली यूवतियों ने। युवती के बालिग होने एवं उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस होने पर भी संदेह है। ऐसे में कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन है। भारत में मोटर से चलने वाले वाहनों के लिए कानूनी ड्राइविंग की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। क्षेत्र के आरटीओ द्वारा अनुमोदित कानूनी ड्राइविंग लाइसेंस का होना भी कानून द्वारा जरूरी है।

## ठंड से बचाव के लिए वेल विशर फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को वितरण किया स्वेटर



**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला अर्जुननगर तरौद के विद्यार्थियों को सेवानिवृत पुलिस स्वर्गीय केएस गहलोत के स्मृति में स्वेटर वितरण कर में ठंड से बचाव हेतु बच्चों को जागरूक किया गया। वेल विशर फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह ने कहा कि स्व के एस गहलौत पुलिस विभाग में कार्यरत थे। पुलिस विभाग में रहते हुए उन्होंने लोगो की बहुत मदद की थी उन्ही की प्रेरणा से मैं आज समाजसेवा से के क्षेत्र में कार्य कर रही हूं और मेरे पिता के स्मृति में ही आज बच्चो को स्वेटर प्रदान किया जा रहा है ताकि बच्चे ठंड से बच सके। शाला की हेड मास्टर ज्योत्स्ना सिंह चन्देल ने विशर फाउंडेशन के कार्यो की सहरहना की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य व सभापति वन विभाग ईश्वर साहू ,युवा समाजसेवी छोटू कश्यप, शाला परिवार व वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह,सदस्य दीपक साहू,मोहन कश्यप,श्रीपाल सिंह, रोहित उपस्थिति रहे।

## ग्राम भारती योजना का मुख्य उद्देश्य संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ग्राम भारती योजना के अनुसार सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला सक्ती एवं सक्ती जिला के सभी प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों का एकदिवसीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं विद्यादायिनी, माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

- सरस्वती शिशु मंदिर के सभी प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों की हुई बैठक

बैठक की अध्यक्षता जिला सक्ती ग्राम भारती के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र महाराज ने किया। मंचस्थ अतिथियों का सम्मान श्रीफल एवं तिलक से किया गया। बैठक के निर्धारित विषयों पर अपना विचार रखते हुए अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र ने कहा कि ग्राम भारती योजना का मुख्य उद्देश्य सरस्वती शिशु मंदिरों के माध्यम से ग्रामों में संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करना है । शिक्षा के साथ संस्कार एवं विद्यार्थियों को उनके कल एवं परिवार के योग्य बनाते हुए देश और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने सभी आचार्य सेवा भाव से पूरे देश में काम कर रहे हैं। ग्राम भारती योजना अपने निर्धारित आयामों के द्वारा सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विचारों के साथ नैतिक शिक्षा प्रदान करने कृत संकल्पित है। इस कार्य का निर्वहन सभी आचार्य बड़े ही लग्न एवं दृढ़ संकल्प के साथ कर रहे हैं। विद्या भारती के द्वारा वनवासी क्षेत्र में एकल विद्यालय एवं संस्कार केंद्रों के विस्तार एवं इनमें कार्यरत आचार्यों के मानदेय तथा आवश्यक व्यवस्था हेतु बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन के साथ समर्पण निधि तथा मकर संक्रांति के पुण्य अवसर पर उदारता पूर्वक समर्पण एवं दान की वृद्धि बनाए रखने हेतु कोरबा विभाग समन्वयक दीपक सोनी द्वारा सभी आचार्यों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ग्राम भारती जिला समिति सक्ती के उपाध्यक्ष हिमांशु दुबे द्वारा निष्ठापूर्वक कार्य करते रहने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम को जिला सचिव संतोष कुमार डनसेना और कोषाध्यक्ष विश्राम सागर साहू ने भी संबोधित किया। इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक धर्मेंद्र तिवारी ने किया ।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## प्रधानमंत्री आवास मजदूरी राशि में गड़बड़ी की शिकायत, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**मालखरौदा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मजदूरी राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम पंचायत सपीया के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी मालखरौदा को लिखित शिकायत सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार ग्राम के हितग्राही आशाबाई 39 वर्ष को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृत मकान निर्माण हेतु कई किश्तों में मजदूरी राशि शासन द्वारा जारी की गई थी, लेकिन हितग्राही को जानकारी दिए बिना, मजदूरी की राशि किसी अन्य खाते में स्थानांतरित कर धोखाधड़ी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक व संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से मजदूरी भुगतान राशि को फर्जी तरीके से हड़प लिया गया, जब मामले की जानकारी ग्रामवासियों को मिली तब पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक आवास मित्र द्वारा उचित जवाब देने के बजाय टालमटोल कर ग्रामीणों को बाहर निकाल दिया गया। शिकायत में उल्लेख है कि कुल 39 हितग्राहियों की राशि लगभग 9,16,110 रुपये संदिग्ध तरीके से खर्च दर्शाकर राशि हड़पी जा चुकी है। ग्रामीणों ने शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत सक्ती के जिला मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि सपिया ग्राम पंचायत की शिकायत मिली है। जनपद पंचायत से शिकायत की कॉपी मिलने के बाद जांच कराई जाएगी।

## कांग्रेसियों ने भारत रत्न अम्बेडकर को किया याद

**सक्ती।** भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण पर कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर ब्लाक कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया कंवर ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने देश को एक ऐसा संविधान दिया जिससे शोषित पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग को न्याय मिल सके एवं देश मे सम्मान पूर्वक जीने की आजादी मिल सके।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष साधेश्वर गवेल ने कहा कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर चल कर आज देश विकास की ओर अग्रसर है। संविधान निर्माण में भीमराव आंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। वरिष्ठ कॉग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सविधान के माध्यम से देश के हर वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य किया। बाबा साहब के संविधान से आज देश चल रहा है। विधायक प्रतिनिधि पिन्टू ठाकुर ने कहा कि भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहब की पुण्य तिथि पर हम सब विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा लिखे गए संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेते है। जनपद पंचायत के



सभापति सत्यप्रकाश महन्त ने कहा कि उनकी विचारधारा की समाज मे ज्ञान का प्रकाश से उजाला हो संगठित होकर संघर्ष करो। अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब ने अपने अदम्य विद्वता एवं संकल्प से संविधान में सबको स्वाभिमान एवं अधिकार समानता का गौरव प्रदान किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ कॉग्रेस नेता अशोक यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कॉग्रेस नेता गिरधर जायसवाल पार्षद लाला सोनी, जनपद पंचायत के सभापति सत्यप्रकाश महंत, सरपंच अशोक यादव, अधिवक्ता मनोज जायसवाल, अमीर अग्रवाल, धनेश्वर जायसवाल, सुरेश डेन्सिल, हेमू सोनी, श्री खंडेलवाल सहित कॉग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हादसे में मौत के बाद कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेल्हाडीह-लवसरा

क्रांति कुमार कॉलेज जेठा के छात्र इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनामेंट से लौटते समय 3 दिसंबर को हादसे का शिकार हुए थे। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रुप से घायल हुए है। परिजनों ने कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आर्थिक मदद की मांग की है। बताया जा रहा है कि महाविद्यालय प्रबंधन ने 13 खिलाड़ियों की टीम के लिए केवल एक चारपहिया वाहन की ही व्यवस्था की थी। वाहन में जगह कम पड़ने पर मजबूरी में बलदेव सिंह गोड़, योगेश कुमार साहू और हेमचंद पटेल अपनी बाइक से मैच खेलने गए थे। मैच के बाद लौटते समय हथनेवरा चांपा पुल के पास हाइवे में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एक युवा छात्र सकरेली बा निवासी बलदेव सिंह गोंड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल छात्रों के परिजनों ने कालेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि टीम को उचित वाहन उपलब्ध कराया गया होता तो यह घटना नहीं होती। परिजनों ने बताया कि घायल छात्र योगेश कुमार साहू और हेमचंद पटेल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, तब भी कॉलेज प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार की त्वरित आर्थिक सहायता या मदद नहीं की गई। घायल छात्र योगेश की माता श्रीमती सुशीला साहू ने कहा कि इलाज में हर दिन पर 10 हजार रुपये का खर्च हो रहा है, लेकिन कॉलेज की ओर से एक रुपये की भी मदद नहीं मिली। दिनेश साहू ने भी कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह पूरा हादसा कॉलेज की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने दावा किया कि अगर कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों के लिए सुरक्षित यातायात की व्यवस्था की होती, तो यह दर्दनाक घटना नहीं घटती। उन्होंने पीड़ति छात्रों के परिवारों को न्याय दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।



कॉलेज प्रबंधन से आर्थिक मदद की मांग करने पहुंचे परिजन।

प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# भगवत कृपा से ही जगत में उत्पन्न होगा वैराग्य : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन स्वामी युगल शरण ने संसार के वास्तविक स्वरूप, आत्मा के सुख और वैराग्य की अनिवार्यता पर सारगर्भित विचार प्रकट किए।

स्वामी युगल शरण ने कहा कि मनुष्य जिस सुख की खोज में अनादिकाल से भटक रहा है, वह सुख शरीर का नहीं, आत्मा का विषय है। "पहले यह दृढ़ होना चाहिए कि हम आत्मा हैं। शरीर को जितने भी भौतिक पदार्थ दे दें, आत्मा को आनंद नहीं मिलेगा, क्योंकि आत्मा दिव्य है और उसका सुख भी दिव्य है," उन्होंने शरणागति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरण्य का सदा अनुकूल चिंतन और प्रतिकूल चिंतन से बचना ही शरणागति का अंग है। अपने को हरि-गुरु के चरणों में धरोहर रूप में समर्पित करना ही शरणागति का सार है। युगल शरण ने कहा कि भगवान की प्राप्ति का प्रथम चरण संसार के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान है। भगवान को पाने के लिए श्रद्धा चाहिए, श्रद्धा वैराग्य से उत्पन्न होती है और वैराग्य संसार को सही तरह से जान लेने पर मिलता है। यदि किसी ने सच में संसार को जान लिया होता, तो वैराग्य स्वतः हो जाता। उन्होंने भगवत प्राप्ति की क्रमबद्ध सीढ़ियां भी बताईं। संसार का ज्ञान, वैराग्य, श्रद्धा, महापुरुष का मिलन, शरणागति, भजन-क्रिया, अनर्थ निवृत्ति, निष्ठा, रुचि, आसक्ति, भाव, प्रेम और अंततः भगवत प्राप्ति। स्वामी युगल शरण ने कहा कि हम अभी पहली सीढ़ी भी पार नहीं कर पाए हैं, क्योंकि संसार का परिज्ञान ही नहीं हुआ है, इसलिए संसार से मन हटता नहीं है। अंत में उन्होंने कहा कि जब मनुष्य यह दृढ़ता से समझ लेता है कि परमानंद संसार में नहीं, केवल भगवान में है तभी मन स्वतः संसार से विरक्त होकर ईश्वर की ओर उन्मुख हो जाता है।



आचार्य को हाथों अध्यात्मिक पुस्तक प्राप्त करते श्रद्धालु ।

